दैनिक न्याय साक्षी

# खबरें खास



## महत्वपूर्ण एवं खास





### दो वारंटी हुए जेल दाखिल

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन पर थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा लंबित स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटियों की तामिली पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस चौकी जोबी द्वारा लंबित स्थाई वारंटी रोहित सोनी पिता सुकलाल सोनी उम्र 25 वर्ष निवासी करौवाडीह पुलिस चौकी जोबी थाना खरसिया को धारा 403 आईपीसी में रेएमएफसी खरसिया द्वारा जारी स्थाई वारंट के परिपालन में वारंटी को गिरफ्तार कर आज दिनांक 15/07/2021 को माननीय न्यायालय पेश किया गया जिस पर न्यायालय द्वारा आरोपी का जेल वारंट जारी किया गया। वहीं थाना बरमकेला द्वारा छेड़खानी के आरोपी रामसागर साथी उर्फ गुड्डू पिता पुनीचंद सारथी और 24 वर्ष निवासी बहलीडीह थाना बरमकेला को जारी गिरफ्तारी वारंट के पालन में न्यायालय पेश किया गया, जहां आरोपी का जेल वारंट जारी करने पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है। अन्य थाना, चौकियों में भी वारंटियों की पतासाजी की जा रही है।

### पेंशनधारी जिनका पेंशन मार्च 2021 से आज तक जमा नहीं हुआ है वे शीघ्र बैंक में प्रस्तुत करें जीवन प्रमाण-पत्र

**रायगढ़ ।** छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग, मंत्रालय का आदेश क्रमांक 653/557/वित्त/नियम/चार/2020 दिनांक 23.12.2020 (वित्त निदेश 28/2020)के माध्यम से पेंशनरों द्वारा नवम्बर 2020 में प्रस्तुत किये जाने वाले जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने की समय-सीमा में 28 फरवरी 2021 तक छूट प्रदान की गई थी। चूंकि उक्त अवधि समाप्त हो गई, जिसके कारण बैंकों द्वारा फरवरी 2021 उपरांत अद्यतन जीवन प्रमाण-पत्र के अभाव में पेंशन भुगतान करना संभव नहीं हो रहा है। अतएव समस्त उन पेंशनरों को जिनका पेंशन मार्च 2021 से आज तक जमा नहीं हुआ है को सूचित किया जाता है कि अपने बैंक शाखा में तत्काल जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें। जिससे सभी माह का पेंशन प्राप्त हो सके। 'आभार-आपकी सेवाओं का' के माध्यम से पेंशन प्राप्त कर रहे पेंशनर अपने निकटतम भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में अपना जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

### मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं 26 से

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड रायपुर द्वारा हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा 2021(मुख्य एवं अवसर परीक्षा) तथा उर्दू अदीब, उर्दू माहिर के प्रमाण-पत्र की परीक्षा 26 जुलाई से आयोजित की गई है। यह परीक्षा 31 जुलाई तक चलेगी। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 कोरोना वायरस संक्रमण से सुरक्षा एवं बचाव को ध्यान में रखते हुए परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षार्थियों को अग्रेषण केन्द्र से परीक्षा सामग्री 23 एवं 24 जुलाई को वितरित की जाएगी। सभी परीक्षार्थी अपने घर से ही परीक्षा देंगे। रायपुर के परीक्षार्थियों को उर्दू कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से परीक्षा सामग्री प्रदान की जाएगी।

# प्रभारी मंत्री डॉ.टेकाम ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का किया निरीक्षण

**» छात्रों के तैयार किए मॉडल व प्रोजेक्ट वर्क का किया अवलोकन, बच्चों को दी शाबासी**

**रायगढ़।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, स्कूल शिक्षा तथा सहकारिता विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम ने आज रायगढ़ के नटवर स्कूल परिसर में संचालित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने स्कूली बच्चों द्वारा तैयार किए गए साईंस मॉडल व प्रोजेक्ट तथा आर्ट एण्ड क्राफ्ट वर्क का अवलोकन किया और बच्चों से उससे जुड़े सवाल पूछे। बच्चों ने तैयार किए मॉडल और प्रोजेक्ट के बारे में सवालों के जवाब दिए जिस पर मंत्री डॉ.टेकाम ने उन्हें शाबासी भी दी। उन्होंने बच्चों से



उनकी पढ़ाई लिखाई के बारे में जानकारी ली और कहा कि सभी खूब मन लगाकर पढ़ाई करें। उन्होंने स्कूल भवन के निर्माण कार्य की भी जानकारी ली तथा शीघ्र इसे पूर्ण करने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री डॉ. टेकाम ने आज रायगढ़ प्रवास के दूसरे दिन सुबह इंग्लिश मीडियम स्कूल के निरीक्षण में पहुँचे। यहां उन्होंने निरीक्षण के दौरान बच्चों द्वारा तैयार किये साइंस प्रोजेक्ट को देखा। कक्षा 5 वीं के छात्र श्रेष्ट सिन्हा ने हमारा सौर्य मंडल का रोटेटिंग मॉडल तैयार किया गया था। मंत्री डॉ.टेकाम ने छात्र से सौर्य मंडल के ग्रहों के बारे में तथा सूरज के सबसे पास वाले ग्रह का नाम पूछा, बच्चे के सही जवाब देने पर उसे शाबासी मिली। कक्षा 12 वीं की प्रिया सिंह ने मेकेनिकल रोटेटर मशीन तैयार किया था जिस पर मंत्री जी ने मशीन की कार्यप्रणाली की जानकारी ली, छात्रा ने मशीन के बारे में विस्तार से बताया, जिस पर मंत्री डॉ.टेकाम ने उन्हें शाबासी दी। इसी प्रकार कक्षा 5 वीं के मुरसलीन आलम ने सिटी मैप, कक्षा चौथी के आदित्य सोनी ने घरों के प्रकार, कक्षा 7 वीं की माधुरी मराठा ने सेतु पाठ्यक्रम, 7 वीं की अर्पणा दुबे ने एमआई राईट प्रोजेक्ट के तहत विटामिनों की जानकारी, कक्षा 12 वीं के नोमेश साहू ने मैजिक ऑफ रिफरेक्टिव इंडेक्स, कक्षा 10 वीं के वागेश राठौर ने वैज्ञानिकों के नाम तथा उनके खोज और 9 वीं की ज्योति सेठी ने विभिन्न राज्यों के प्रमुखों फसलों का प्रोजेक्ट बनाया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ऑनलाईन कक्षा संचालन का अवलोकन किया। महतारी दुलार योजना के तहत स्कूल में प्रवेशित बच्चों को उन्होंने किताब सेट प्रदान किया।

प्रभारी मंत्री डॉ.टेकाम ने सारंगढ़ विकासखण्ड के कनकबीरा के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित बाल सभा उमंग कार्यक्रम का अवलोकन किया। इस दौरान टेकाम भी साथ रही। यहां मंत्री डॉ.टेकाम ने सीख कार्यक्रम के तहत बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई के नवाचार को देखा तथा इसकी सराहना की। इसी तरह उन्होंने विद्यालय में की जा रही अन्य गतिविधियों का अवलोकन किया। जिनमें बच्चों द्वारा तैयार किए गए आर्ट वर्क, साईंस तथा गणित के मॉडल व प्रोजेक्ट वर्क का अवलोकन किया तथा बच्चों से इससे जुड़े सवाल पूछे। सही जवाब देने पर उन्होंने बच्चों को शाबासी दी। इस दौरान उन्होंने कक्षा दूसरी की छात्रा वंदना तथा तीसरी की छात्रा सिमरन से उनके प्रोजेक्ट वर्क की जानकारी ली। प्रौढ़ शिक्षा के तहत उन्होंने गांव की शशि सिदार से उनकी पढ़ाई-लिखाई की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शाला में नवप्रवेशी बच्चों, आरटीई, पढ़ना-लिखना अभियान के तहत प्रौढ़ शिक्षा का लाभ ले रहे तथा महतारी दुलार योजना अंतर्गत प्रवेशित बच्चों को किताब का वितरण किया। उन्होंने सभी बच्चों से मन लगाकर पढ़ने की बात कही। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ऑनलाईन कक्षा संचालन का अवलोकन किया। महतारी दुलार योजना के तहत स्कूल में प्रवेशित बच्चों को उन्होंने किताब सेट प्रदान किया। साथ ही दिव्यांग छात्रों को सहायक उपकरण भी प्रदान किया। इस दौरान मंत्री डॉ.टेकाम ने स्कूल परिसर में अशोक के पौधे का रोपण भी किया।

इस अवसर पर विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक, विधायक सारंगढ़ उत्तरी गनपत जांगड़े, महापौर नगर निगम जानकी काटजू, नगर निगम सभापति जयंत ठेठवार, जिला पंचायत सदस्य अनिका विनोद भारद्वाज एवं सीता चिंतामणी पटेल, सारंगढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष मंजू मालाकार, सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व स्कूल स्टॉफ उपस्थित रहे।

## मानसून सत्र में सवालों की होगी बौछार, अब तक 700 से अधिक लगे सवाल

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र में इस बार सवालों की बौछार होगी। कम दिनों का होने के बावजूद विपक्षी दलों के विधायकों के साथ-साथ सत्ता पक्ष के विधायक भी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों की समस्याओं, विकास कार्यों जुड़े सहित अन्य मुद्दों को लेकर बढ़-चढ़कर सवाल लगा रहे है। मानसून सत्र का आगाज 26 जुलाई से प्रारंभ होने जा रहा है जो 30 जुलाई तक चलेगा। 05 दिनों के सत्र के लिए अब तक विधायकों द्वारा 717 सवाल लगा चुके, इनमें तारांकित 375 व अतारांकित 342 सवाल है। सवाल लगाने का सिलसिला अभी जारी रहेगा। कम दिनों के सत्र के लिए जिस तरह से विधायकों द्वारा सवाल लगाए जा रहे है उससे संभावना है कि सत्र काफी हंगामेदार होगा। प्रमुख विपक्षी दल भाजपा सहित जनता कांग्रेस व बसपा सत्र के दौरान किसानों के मुद्दों के अलावा शराब बंदी, प्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर से हुई मौतें, बारिश से धान की बर्बादी, प्रदेश में कानून व्यवस्था सहित कई मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने का प्रयास कर सकती है।

# कोतवाली थाना क्षेत्र से चोरी हुई ट्रेलर बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**» गैरेज संचालक ने 50 प्रतिशत मुनाफा देने का लालच देकर वाहन चोरी के लिए बनाया था गैंग**

**रायगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 13/07/2021 को उर्दना पेट्रोल पंप के पास खड़ी ट्रेलर सीजी 13 डी 2253 को अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया था। दिनांक 14/07/2021 को ट्रेलर मालिक द्वारा वाहन चोरी की रिपोर्ट थाना कोतवाली में दर्ज कराई गई थी जिस पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 1006/2021 धारा 379 आईपीसी के तहत दर्ज कर विवेचना में लिया गया। वाहन चोरी को लेकर ट्रेलर मालिक संघ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा से कार्यालय में मिलकर वाहन की पतासाजी के लिए निवेदन किया गया था। पुलिस अधीक्षक मीणा द्वारा शीघ्र आरोपियों की पतासाजी का आश्वासन दिया गया साथ ही उन्हें रात्रि के समय वाहन सुरक्षित स्थान एवं सीसीटीवी कैमरों के सामने खड़ी करने की सलाह दिये थे। एसपी मीणा द्वारा ट्रेलर चोरी के संबंध में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर को शीघ्र माल-मुलजिम की पतासाजी का निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी द्वारा प्रार्थी वाहन स्वामी रामदुलारी सुरी से जानकारी लेकर वाहन की खोजबीन में जुट गए। आरोपियों द्वारा वाहन को चोरी कर सक्ती थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मसानिया में छिपा कर रखे होने की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी तत्काल थाना कोतवाली से उपनिरीक्षक नंदलाल पैंकरा के हमराह स्टाफ वाहन बरामदगी के लिये रवाना किये। कोतवाली पुलिस की टीम ग्राम मसानिया संजय अग्रवाल के यार्ड से चोरी के वाहन ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 डी 2253 कीमती 15,00,000 रूपये को बरामद किया गया। यार्ड मालिक के संबंध में जानकारी लेने तथा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर वाहन चोरी में संलिप्त फरार आरोपी द्वारा यार्ड को किराए में लेने की जानकारी मिली है।

कोतवाली पुलिस ट्रेलर वाहन को उर्दना पेट्रोल पंप से चोरी कर ले जाने के संबंध में पूछताछ विवेचना पर संदिग्ध पवन दीप सिंह निवासी भगवानपुर थाना कोतरारोड को हिरासत में लेकर पूछताछ की जिस पर पवन दीप सिंह द्वारा ट्रेलर चोरी की पूरी प्लानिंग गैरेज संचालक सुभाष चंद्र गर्ग द्वारा करना और वाहन चोरी में मुनाफे का 50 प्रतिशत हिस्सा देना तय करना बताया है। पवन दीप सिंह अपने एक साथी (फरार-यार्ड किराएदार) के साथ वाहन की चोरी करना और वाहन को मसनिया संजय अग्रवाल के यार्ड में छिपाकर रखना कबूल किया है। कोतवाली पुलिस चोरी के अपराध में शामिल आरोपी 1-सुभाष चंद्र गर्ग पिता स्वर्गीय द्वारिका प्रसाद अग्रवाल उम्र 52 वर्ष निवासी बैकुंठपुर थाना कोतवाली 2- पवनदीप सिंह पिता अवतार सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी भगवानपुर थाना कोतवाली को आज दोपहर गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण का एक आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी में कोतवाली पुलिस लगी है। प्रकरण में शीघ्र माल मुलजिम की पतासाजी/बरामदगी में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर उपनिरीक्षक नंदलाल पैंकरा, आरक्षक पुष्पेन्द्र जाटवर की सराहनीय भूमिका रही है।

# नाबालिग को भगाने व दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 साल सश्रम कारावास की सजा

तत्कालीन थाना प्रभारी चक्रधरनगर विवेक पाटले द्वारा की गई थी विवेचना

रायगढ़। थाना चक्रधरनगर के अपराध क्रमांक 219/2020 धारा 363 भा.द.वि. जोड़ने धारा 366, 376, भा.द.वि. 4,6 पास्को एक्ट के प्रकरण में करोना कॉल के बावजूद माननीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रेक कोर्ट रायगढ़ के पीठासीन अधिकारी श्रीमती पल्लवी तिवारी द्वारा रिकॉर्ड समय में प्रकरण के सभी गवाहों, साक्ष्य का परिशीलन कर प्रकरण के आरोपी जितेंद्र कुमार पिता स्वर्गीय लक्ष्मण उरांव उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम गोपालपुर थाना चंद्रपुर जिला जांजगीर-चांपा को आरोपी पर आरोपित धारा 363, 366, 376(3) आईपीसी एवं 4(2) पास्को एक्ट में दोषी करार देते हुए आरोपी को 20 वर्ष की सश्रम कारावास व अर्थदंड से दंडित किया गया है। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर पृथक से 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतान की सजा सुनिश्चित करने का आदेश किया गया है।

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण अनुसार थाना चक्रधरनगर क्षेत्र की 16 वर्ष से कम आयु की बालिका के दिनांक 17/08/2020 को बिना बताए घर से कहीं चले जाने की रिपोर्ट बालिका के परिजन दिनांक 21 अगस्त 2020 को दर्ज कराए थे जिस पर थाना चक्रधरनगर में अपराध क्रमांक 219/2020 धारा 363 भा.द.वि. के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण की विवेचना तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले द्वारा की गई है, जिनके द्वारा बालिका की पतासाजी दौरान दिनांक 27/08/2021 को आरोपी जितेंद्र कुमार उरांव के निवास स्थान गोपालपुर, चंद्रपुर से बालिका को आरोपी जितेंद्र के कब्जे से दस्तयाब किया गया। विवेचना अधिकारी द्वारा बालिका का कथन, मुलाहिजा पश्चात विधिवत प्रकरण में धारा 366, 376 आईपी एवं 4,6 पास्को एक्ट विस्तारित कर प्रकरण का चालान 09 अक्टूबर 2020 को माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया। माननीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक कोर्ट रायगढ़ के न्यायालय में प्रकरण की सुनवाई हुई, जहां अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक मनमोहन सिंह ठाकुर एवं अभियुक्त की ओर से विद्वान अधिवक्ता धीरज जायसवाल द्वारा पैरवी की गई। कोरोना काल के बावजूद माननीय न्यायालय द्वारा समय पर अभियोजन एवं अभियुक्त पक्ष के गवाहों, प्रस्तुत साक्ष्य का गहन विशलेष्ण कर निर्णय पारित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को नाबालिगों के गुम व दुष्कर्म के मामलों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने हेतु प्रकरण के गवाहों से ठोस साक्ष्य एकत्र कर समयावधि में चालान न्यायालय पेश करें तथा माननीय न्यायालय द्वारा गवाहों एवं आरोपी को जारी संमस/वारंटो के परिपालन में उन्हें न्यायालय उपस्थित करने निर्देशित किया गया है।

# मोटर सायकल पर ओडिसा से गांजा ला रहे दो आरोपियों गिरफ्तार

**»15 किलो गांजा व मोटर सायकल की जब्त**

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर दिनांक 14/07/2021 के दोपहर डोंगरीपाली पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर सोहेला- बरमकेला मुख्य मार्ग में बिरनीपाली बैरियर के पास घेराबंदी कर ओडिसा से एक काले सफेद रंग के बिना नम्बर बजाज प्लेटिना 100 में मादक पदार्थ गांजा की अवैध तस्करी कर रहे आरोपी 1. ताराचंद जयसवाल 2. तुलाराम डडसेना को अवैध गांजा के साथ पकड़ा गया है। आरोपियों से पास से कुल 15 कि.ग्रा. गांजा (कीमती करीबन 75,000 रुपए), एक बिना नम्बर वाली बजाज प्लेटिना 100 बाइक (कीमती 15,000 रुपए) की जप्ती की गई है। आरोपी- (1) ताराचंद जायसवाल पिता कुशवा जायसवाल उम्र 52 वर्ष साकिन मकान नं0 98 रायपुर रोड बाबाकुटी थाना सारंगढ जिला रायगढ़ (2) तुलाराम डडसेना पिता स्व. धनेश्वर डडसेना उम्र 50 वर्ष साकिन रिसेकेला थाना सरायपाली जिला महासमुन्द (छ.ग.) पर थाना डोंगरीपाली में धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवई कर रिमांड पर भेजा गया है। एसडीओपी प्रभात पटेल के निर्देशन पर कार्रवाई में थाना डोंगरीपाली के सहायक उप निरीक्षक रामकुमार मानिकपुरी, आरक्षक कृष्ण कुमार डनसेना, किशोर कुमार एक्का, जगजीवन जोल्हे, गजानंद पटेल की सक्रियता रही है।

# सीएचसी के हमर लैब से मिले सभी तरह की जांच सुविधा-कलेक्टर भीम सिंह

**» सीएचसी में संस्थागत प्रसव संख्या बढ़ाने के दिए निर्देश**

**» कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक**

**रायगढ़ ।** जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में हमर लैब के माध्यम से संबंधित ग्रामीणों को पूर्ण जांच की सुविधा मिलेगी। इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गायनेकोलॉजिस्ट, शिशु रोग विशेषज्ञ, एमडी मेडिसिन व सर्जन चार विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थापना संबंधित जल्द ही कार्ययोजना बनाएं। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में कही।

इस दौरान कलेक्टर सिंह ने शासकीय अस्पतालों में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधित शासन के दिशा निर्देश पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी ग्रामीणों को पूर्ण इलाज सुविधा मिलनी चाहिए। शासकीय अस्पतालों के अपग्रेडेशन और मॉनिटरिंग के लिए शासन द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देश के अनुसार तय समय-सीमा पर सभी अस्पतालों की इलाज व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी। इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एमडी मेडिसिन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ व सर्जन विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थापना के साथ निश्चेतना और पैथोलॉजिस्ट की पदस्थापना करने के निर्देश शासन ने दिए हैं। कलेक्टर सिंह ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चार विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थापना संबंधित कार्ययोजना बनाने के



निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर सिंह ने शासन के दिशा निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की मॉनिटरिंग शासन स्तर पर की जाएगी। इसके लिए ओपीडी एवं भर्ती होकर इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या संबंधित बीमारियों की जानकारी संबंधित सर्जरी, संबंधित डिजीज, उपलब्ध सेवाएं, दिए जाने वाले जांच एवं इलाज सुविधा आदि की तय फॉर्मेट के हिसाब से शासन स्तर पर समीक्षा की जाएगी। इसके लिए शासन स्तर पर सॉफ्टवेयर भी जारी किया जाएगा। जिसमें हर रोज ओपीडी एवं भर्ती होकर इलाज कराने वाले मरीजों की पूर्ण जानकारी प्रेषित करनी होगी। इसी आधार पर अस्पतालों और वहां कार्यरत चिकित्सक व स्टाफ की उपयोगिता तय की जाएगी। निर्देश के तहत कम ओपीडी व भर्ती मरीजों वाले अस्पतालों के चिकित्सक एवं स्टाफ की उपयोगिता ज्यादा ओपीडी एवं भर्ती होकर इलाज कराने वाले शासकीय अस्पतालों में तय की जाएगी। कलेक्टर सिंह ने विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में प्राइवेट अस्पतालों से टाइअप कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में शेड्यूल में डॉक्टरों की ड्यूटी लगाने और ग्रामीणों को इलाज सुविधा उपलब्ध कराने संबंधित अधिकारी कार्ययोजना बनाने के निर्देश सीएमएचओ डॉ एस एन केसरी को दिए। कलेक्टर सिंह ने पूर्व में अस्पतालों को अधोसंरचना एवं इक्विपमेंट खरीदारी करने संबंधित 50-50 लाख रुपए आवंटित करने संबंधित उपयोगिता की भी समीक्षा की। इसी तरह शासकीय अस्पतालों व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कोरोना के थर्ड फेस को देखते हुए ऑक्सीनेटेड बेड व आईसीयू बेड के लिए पाइप लाइन बिछाने और ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने शासन द्वारा तय गाइडलाइन के हिसाब से शासकीय अस्पतालों में बच्चों के इलाज के लिए अलग से आईसीयू, ऑक्सीनेटेड बेड, जांच, दवाइयां व विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थापना सुनिश्चित करने के निर्देश सीएमएचओ केशरी को दिए। बैठक में नगर निगम कमिश्नर एस.जयवर्धन, जिला पंचायत सीईओ रवि मित्तल सहित कोरोना टीकाकरण नोडल अधिकारी सभी बीएमओ, बीपीओ आदि अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. रवि मित्तल, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

❑ **कोरोना टीकाकरण में लाए तेजी-** कलेक्टर भीम सिंह ने कहा कि आगे आने वाले समय में कोरोना थर्ड फेज के लिए आशंका जताई गई है। इसे देखते हुए जिले को शत-प्रतिशत कोरोना टीकाकरण कराना है। इससे ही कोरोना के आने वाले तीसरे फेज से जिले को बचाया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने नोडल अधिकारी को लक्ष्य के अनुसार हर रोज टीकाकरण कराने और जल्द से जल्द कोरोना जिले को शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। इसी तरह कलेक्टर सिंह ने कोरोना टेस्टिंग की चर्चा की। इस दौरान आरटीपीसीआर जांच व अन्य जांच द लक्ष्य से कम होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए लक्ष्य के अनुसार हर रोज जांच करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

❑ **बढ़ाएं संस्थागत प्रसव की संख्या-** बैठक में कलेक्टर सिंह ने ब्लॉक स्तर पर संस्थागत प्रसव पर चर्चा की। इस दौरान रायगढ़ अर्बन सहित तमनार, पुसौर आदि ब्लॉक में संस्थागत प्रसव की संख्या पूर्व से कम रही। इस पर कलेक्टर सिंह ने नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने और इसके लिए मैदानी क्षेत्रों पर मितानिन व अन्य स्टाफ को लोगों को जागरूक करने के लिए लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान सिंह ने 24 घंटे इलाज सुविधा आधारित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या बढ़ाने और आवश्यकतानुसार संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने एएनएम की पदस्थापना करने कार्ययोजना बनाने के निर्देश सीएमएचओ डॉ.केशरी को दिए।

❑ **दवाइयों की उपलब्धता की स्थिति अपडेट करें सॉफ्टवेयर पर-** कलेक्टर सिंह ने जिले के सभी शासकीय अस्पतालों में दवाइयों की उपलब्धता और लोगों को मिलने वाली निःशुल्क दवाइयां की स्थिति पर भी चर्चा की। इस दौरान कई अस्पतालों में दवाइयां नहीं होने या कम होने की बातें सामने आई। इस पर कलेक्टर सिंह ने सीजीएमएससी के अधिकारियों को शासन द्वारा तय सॉफ्टवेयर पर उपलब्ध दवाइयों की स्थिति को समय पर अपडेट करने और सभी शासकीय अस्पतालों में दवाइयां उपलब्ध समय पर कराने के निर्देश दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480